# CLASS - VII
# MID TERM EXAMINATION 2025-2026
# SUBJECT-HINDI
# SET-B SOLUTION

प्रश्न1. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4x1=4)

i. (ग) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

ii. (ख) उनके पंखों को कतरकर छिन्न-भिन्न कर देता है।

iii. (ग) फूल भँवरों को अपना मीठा रस पीने देता है।

iv. (ग) फूलों की सुगंध और उनके निराले रंगों से।

प्रश्न2. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- (3x3=09)

i. ऊँट के स्वामी ने भाइयों पर तुरंत संदेह क्यों किया? आपके विचार से उसे क्या करना चाहिए था जिससे उसे अपना ऊँट मिल जाता?

ऊँट के स्वामी ने भाइयों पर तुरंत संदेह किया क्योंकि वे तीनों भाई बिना देखे ऊँट के बारे में बहुत सारी सटीक बातें बता रहे थे। जब व्यक्ति अपना कुछ खो देता है तो वह घबराहट में पूरी बात जाने बिना जल्दी ही किसी पर भी संदेह कर लेता है। यही ऊँट के स्वामी ने भी किया। हमारे विचार से उसे सीधे आरोप लगाने के बजाय शांत होकर भाइयों से पूछताछ करनी चाहिए थी कि तुम ये सब कैसे जानते हो, क्या तुमने ऊँट को देखा, क्या तुम मेरी मदद कर सकते हो? अगर वह धैर्य और विश्वास के साथ बात करता, तो शायद वे भाई उसकी तुरंत मदद करते और उसका ऊँट जल्दी मिल जाता।

ii. यदि सारी नदियाँ, झीलें और तालाब सूख जाएँ तो क्या होगा?

1. **पानी की कमी** - पीने के पानी की कमी के कारण लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा ।

2. **कृषि पर प्रभाव** - कृषि के लिए पानी की कमी के कारण फसलों की उत्पादकता कम हो जाएगी, जिससे खाद्य-सुरक्षा पर प्रभाव पड़ेगा।

3. **जलवायु परिवर्तन** - जल- स्रोतों के सूखने से जलवायु- परिवर्तन की समस्या और भी गंभीर हो जाएगी।

4. **आर्थिक प्रभाव** - जल स्रोतों के सूखने से आर्थिक गतिविधियों पर भी प्रभाव पड़ेगा, जैसे मत्स्य पालन और पर्यटन उद्योग आदि।

5. **मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव**- पानी की कमी के कारण मानव स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ेगा, जैसे कि जलजनित रोगों की वृद्धि और पोषण की कमी।

iii. राजा ने भाइयों की परीक्षा लेने के लिए पेटी का उपयोग किया। इस परीक्षा से राजा के व्यक्तित्व और निर्णय शैली के बारे में क्या-क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

राजा द्वारा ली गई परीक्षा से उसके व्यक्तित्व और निर्णय शैली के बारे में यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वह न्यायप्रिय, धैर्यवान तथा विवेकशील था। उसने बिना पूरा सत्य जाने सीधे उन्हें सजा नहीं दी। आरोप सुनने के बाद उसने स्वयं जाँच और परख करने का निर्णय लिया। उसने तीनों भाइयों की बुद्धिमानी और सत्यता की पुष्टि करनी चाही- यह उसकी व्यावहारिक सोच दिखाता है।

iv. जल-चक्र की प्रक्रिया कैसे पूरी होती है? विस्तार में बताए।

**वाष्पीकरण**: सूर्य की गर्मी से पानी समुद्र, झीलों और नदियों से वाष्प के रूप में उड़कर वायुमंडल में जाता है।

**संघनन**: यह वाष्प ठंडी हवा में ऊपर जाकर बादल बनाता है।

**वृष्टि**: बादल से पानी बरसकर पृथ्वी पर वापस आ जाता है, यह बारिश, बर्फ या ओले के रूप में हो सकता है।

**संचरण**: बारिश का पानी जमीन में समा जाता है और भूजल में बदल जाता है। यह चक्र लगातार चलता रहता है, जिससे जल का संतुलन बनाए रखा जाता है।

प्रश्न3. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- (2x2=04)

i. आखेटक और बच्चे के पिता के बीच तर्क-वितर्क क्यों हुआ था? माँ, कह एक कहानी के अनुसार उत्तर दें।

आखेटक द्वारा पक्षी का शिकार किया जाता है। वह पक्षी घायल होकर उपवन में प्रातः भ्रमण को निकले बच्चे के पिता के पास गिरता है। समीप गिरे हुए पक्षी को लहूलुहान देख बच्चे के पिता उसे उठाकर अपनी गोद में रख लेते हैं। वे उसे बचाना चाहते हैं, उसके जीवन की रक्षा करना चाहते हैं किंतु आखेटक का कहना है कि उसने उस पक्षी का शिकार किया इसलिए उसे वह पक्षी सौंप दिया जाए।

बच्चे के पिता इसके लिए तैयार नहीं होते, इस कारण दोनों के बीच तर्क-वितर्क हुआ।

ii. कविता 'फूल और काँटा' में ऐसी कौन-कौन सी समानताओं का उल्लेख किया गया है जो सभी पौधों पर समान रूप से लागू होती हैं?

सभी पौधों पर समान रूप से लागू होने वाली समानताएँ, जिनका उल्लेख कविता में किया गया है। वे हैं-

1. एक ही धरती पर जन्म लेना।
2. रात में चाँद की चाँदनी समान रूप से पड़ना।
3. बादलों का समान रूप से बरसना।
4. हवा का समान रूप से मिलना।

iii. कविता में माँ और बेटे के बीच बातचीत से उनके बारे में क्या-क्या पता चलता है? माँ, कह एक कहानी के अनुसार उत्तर दें।

यशोधरा एक आदर्श माँ हैं जो अपने बच्चे को दयालु संस्कारवान और न्यायप्रिय बनाना चाहती हैं। उसमें दया, धर्म, प्रेम के बीज बोकर, उसके पिता के गुणों को विकसित करना चाहती हैं। इसलिए वे उसे प्रेरक कहानी सुनाती हैं। राहुल योग्य सुपुत्र है। वह माँ की शिक्षा को पूरे विवेक और कौशल के साथ सीखता है।

प्रश्न4. पदभेदानुसार कीजिए **(कोई तीन)**- (3)

i. (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
ii. (ग) सकर्मक क्रिया
iii. (ग) निजवाचक सर्वनाम
iv. (ग) संख्यावाचक विशेषण

प्रश्न5. निर्देशानुसार सही विकल्प चुनिए- (10)

i. (घ) -
ii. (ख) मथानी
iii. कलमें
iv. अनुदार
v. (ख) अजेय
vi. (ख) धतूरा

vii. (घ) निजत्व

viii. (ग) 63

ix. तत्सम

x. नाम अधिक, गुण कम

प्रश्न6. निर्देशानुसार कीजिए- (7)

i. दो-दो पर्यायवाची-शब्द लिखिए **(कोई एक)** 2

किरण- रश्मि, कर, अंशु, मरीचि

गणेश- गणपति, विनायक, गजानन, एकदंत, लंबोदर

ii. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखिए **(कोई एक)** 2

आरति- लालसा आरती- अर्चना/पूजा

अनु- पीछे अणु- कण

iii. मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग करें **(कोई एक)** 2

आप से बाहर होना- संयम खो देना

गागर में सागर भरना- थोड़े शब्दों में बहुत अधिक विचार

iv. अशुद्ध वाक्य को शुद्ध रूप से लिखिए।**(कोई एक)** 1

गंगा का पानी पवित्र है। **अथवा** उसने पापा को पत्र लिखी।

प्रश्न7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5)

i. द्रोपदी की इच्छा पूरी करने के लिए भीमसेन कहाँ पहुँच गया? 1

चलते-चलते वह पहाड़ की घाटी में जा पहुँचा, जहाँ केले के पेड़ों का एक विशाल बगीचा लगा हुआ था।

ii. बड़े भारी बंदर ने भीमसेन से क्या कहा? 2

"मैं कुछ अस्वस्थ हूँ। इसलिए लेटा हुआ हूँ। जरा आँख लगी थी, तो तुमने आकर नींद खराब कर दी। मुझे क्यों जगाया तुमने?"

iii. भीमसेन ने क्रोध में बंदर से क्या कहा? 2

"जानते हो, मैं कौन हूँ? मैं कुरुवंश का वीर, कुंती का बेटा हूँ। मुझे रोको मत! मेरे रस्ते से हट जाओ और मुझे आगे जाने दो।"

प्रश्न8. चित्र वर्णन - **विषयवस्तु, अभिव्यक्ति, भाषाई शुद्धता** (3)

प्रश्न9. पत्र- **पत्र प्रारूप, विषयवस्तु, अभिव्यक्ति, भाषाई शुद्धता** (5)

प्रश्न10. अनुच्छेद- **विषयवस्तु, अभिव्यक्ति, भाषाई शुद्धता** (5)

प्रश्न11. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5)

i. आज के युग में विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को अत्यधिक सुविधाजनक बना दिया है।

ii. इंटरनेट, मोबाइल फोन, कम्प्यूटर आदि ने जहाँ एक ओर संचार के साधनों में क्रांति ला दी है, वहीं दूसरी ओर यह भी देखा गया है कि लोग इन उपकरणों पर अत्यधिक निर्भर हो गए हैं।

iii. पहले लोग पत्र लिखकर संवाद करते थे, जिससे भावनाओं की अभिव्यक्ति अधिक गहराई से होती थी। आजकल संदेश कुछ शब्दों में सीमित होकर रह गए हैं।

iv. बच्चों में खेलने-कूदने की प्रवृत्ति भी कम होती जा रही है क्योंकि वे अधिकतर समय मोबाइल या वीडियो गेम में व्यस्त रहते हैं। यह न केवल उनकी शारीरिक सक्रियता को प्रभावित करता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डालता है।

v. हम तकनीक का उपयोग संतुलित रूप से करें और समय-समय पर अपने पारंपरिक जीवन मूल्यों की ओर भी लौटें।